>

Title: Need to open an I.I.T in Patna, Bihar from the academic session 2008-09.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, सरकार द्वारा बिहार में आई0आई0टी0 खोलने के निर्णय का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। राज्य सरकार ने आईआईटी की स्थापना के लिए बिहटा, पटना में जमीन मुहैया करा दी है और साथ ही साथ केन्द्र सरकार से आग्रह है किया है कि अगले सत्र 2008-09 से आईआईटी की पढ़ाई वहां अस्थायी भवन में चालू किया जाये और जब अपना भवन तैयार हो, वहां स्थानांतरण कर दिया जाये। सरकार के इस निर्णय से निश्चित तौर पर बिहार के विकास में यह एक अच्छा कदम साबित होगा।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इस संबंध में अविलम्ब निर्णय लेकर आई0आई0टी0 के 2008-09 के सत्र से पढ़ाई बिहार में चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठायें।